राजस्थान CET 12वीं स्तर 2024 (शिफ्ट I, कोड S17)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

'अन्वीक्षण' में प्रयुक्त स्वर सन्धि है-

(A) यण् ✓
(B) दीर्घ
(C) अयादि
(D) गुण

Q.2

निम्नलिखित में से किसमें स्वर संधि नहीं है?

(A) मतैक्य
(B) भवन
(C) नायिका
(D) शब्द ✓

Q.3

काल के आधार पर क्रिया के कितने मुख्य भेद होते हैं?

(A) दो
(B) तीन ✓
(C) सात
(D) आठ

Q.4

यदि 'MEDICAL' को एक कोड भाषा में 'DEMILAC' लिखा जाता है, तो 'COMPILE' को उस कोड में कैसे लिखा जाएगा?

(A) MOCPELO
(B) MOCQELI
(C) OMCPILE
(D) MOCPELI ✓

Q.5

यदि श्रेणी $S = 1 + \frac{1}{1+2} + \frac{1}{1+2+3} + \frac{1}{1+2+3+4} + \ldots\ldots$, तब श्रेणी के अनन्त पदों का योग है:

(A) $\frac{1}{2}$
(B) 1
(C) $\frac{3}{2}$
(D) 2 ✓

Q.6

कुछ लड़कियाँ एक पंक्ति में खड़ी हैं। कविता बायें छोर से 11वें स्थान पर है और बबिता दाहिने छोर से 9वें स्थान पर है। यदि उनके स्थानों को परस्पर बदल दिया जाये तो कविता बायें छोर से 15वें स्थान पर आ जाती है, तो पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?

(A) 21
(B) 23 ✓
(C) 25
(D) 27

Q.7

कुछ विद्यार्थी एक पंक्ति में एक ही दिशा में मुख करके खड़े हैं। यदि जॉन का स्थान बायीं ओर से 32वाँ है तथा दायीं ओर से 15वाँ है तो पंक्ति में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

(A) 45
(B) 47
(C) 46 ✓
(D) 48

Q.8

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र कहां पर स्थित है-

(A) हैदराबाद
(B) बैंगलोर
(C) तिरुवनंतपुरम् ✓
(D) पुणे

Q.9

एक 500 फेरों की तार की कुण्डली का क्षेत्रफल 600 वर्ग सेमी है। यदि कुण्डली में 1.5 ऐम्पियर वैद्युत धारा का प्रवाह होता है, तो कुण्डली का चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण है -

(A) 10 ऐम्पियर मीटर^2
(B) 15 ऐम्पियर मीटर^2
(C) 30 ऐम्पियर मीटर^2
(D) 45 ऐम्पियर मीटर^2 ✓

Q.10

जब कोर्निया (स्वच्छमंडल) गोलाकार नहीं होता है, तो इस प्रकार के नेत्र में दृष्टि का दोष होता है-

(A) मायोपिया (निकटदृष्टि)
(B) हाइपरमेट्रोपिया (दूरदृष्टि)
(C) एस्टिग्मेटिज्म (अबिंदुकता) ✓
(D) कैटरेक्ट (मोतियाबिंद)

Q.11

निम्नलिखित में अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम है-

(A) हम
(B) मैं
(C) वे ✓
(D) आप

Q.12

निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञा नहीं है-

(A) ठगी ✓
(B) विद्वान
(C) गाँव
(D) सती

Q.13

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

सूची-I (वाक्य)	सूची-II (क्रिया)
a. राम रोटी खाता है	I. संयुक्त क्रिया
b. वेदांत पढ़ता है	II. प्रेरणार्थक क्रिया
c. शिक्षक विद्यार्थी से किताब पढ़वाता है	III. अकर्मक क्रिया
d. वह लड़का चल बसा	IV. सकर्मक क्रिया

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) a - II, b - I, c - III, d - IV
(B) a - IV, b - II, c - I, d - III
(C) a - IV, b - III, c - II, d - I ✓
(D) a - III, b - IV, c - I, d - II

Q.14

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

सूची-I (शब्द)	सूची-II (विपरीतार्थक शब्द)
a. ऊर्ध्व	I. मधुर
b. अवसान	II. अधः
c. तिक्त	III. आरंभ
d. सुधा	IV. गरल

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) a - IV, b - II, c - I, d - III
(B) a - I, b - III, c - II, d - IV
(C) a - II, b - III, c - I, d - IV ✓
(D) a - III, b - IV, c - I, d - II

Q.15

'धीरे - धीरे' में कौन-सा समास है?

(A) अव्ययीभाव ✓
(B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व
(D) द्विगु

Q.16

एथेनोइक अम्ल कार्बोनेटों के साथ अभिक्रिया करके बनाता है

(A) केवल लवण, कार्बन डाइऑक्साइड और जल ✓
(B) केवल लवण, एथेन और जल
(C) केवल लवण और जल
(D) केवल लवण, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और जल

Q.17

कार्बन का वह गुण जो लम्बी श्रृंखलाएँ बनाने के लिए उत्तरदायी है, कहलाता है:

(A) केटीनेशन (श्रृंखला) ✓
(B) उर्ध्वपातन (सब्लीमेशन)
(C) कार्बोनेशन
(D) हाइड्रोजनीकरण

Q.18

यदि संख्याओं $24, 34, 46, 48, 2x + 1, 4x + 3, 105, 110, 114, 123$ को बढ़ते क्रम (आरोह क्रम) में लिखा जाता है और उनका माध्यिका 77 है, तो x का मान है:

(A) 20
(B) 22
(C) 25 ✓
(D) 30

Q.19

किसी राशि को जब साधारण ब्याज पर दिया जाता है, तो उसमें 5 वर्षों में 50% की वृद्धि होती है। उसी दर से ₹ 15,000 का तीन वर्षों के बाद चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा?

(A) ₹ 4,960
(B) ₹ 4,800
(C) ₹ 4,900
(D) ₹ 4,965 ✓

Q.20

दो संख्याएं 21:26 के अनुपात में हैं। यदि प्रत्येक में 8 जोड़ा जाए, तो नई संख्याओं का अनुपात 5:6 हो जाता है। यदि प्रत्येक संख्या से 2 घटाया जाए तो संख्याओं का अनुपात बताइए।

(A) 2:3
(B) 1:4
(C) 4:5 ✓
(D) 18:25

Q.21

एक मीनार के आधार से दो बिन्दुओं A और B, जो क्रमशः मीनार के आधार से एक सीधी रेखा में p व q दूरी पर है, से मीनार के शीर्ष के उन्नयन कोण पूरक है। मीनार की ऊँचाई है:

(A) $p \cdot q$
(B) $\sqrt{p \cdot q}$ ✓
(C) $(pq)^{\frac{1}{3}}$
(D) $p\sqrt{q}$

Q.22

निम्नलिखित में कौन सी इनटेल कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित पहले माइक्रोप्रोसेसर की ट्रांजिस्टर क्षमता है?

(A) 1700
(B) 1800
(C) 2300 ✓
(D) 2700

Q.23

एक्सेल का निम्न में से कौन सा कमांड आपको अगली वर्कबुक विंडो पर ले जाएगा?

(A) F6 / Shift + F6
(B) Ctrl + Page Up
(C) Ctrl + Shift + F6 / Tab
(D) Ctrl + F6 / Tab ✓

Q.24

राजस्थान के कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां क्षेत्र में कौन-सी बोली बोली जाती है?

(A) ढूंढाड़ी
(B) हाड़ौती ✓
(C) मलावी
(D) मेवाती

Q.25

बिछियो, लालर, नोखिला और शिखर राजस्थान के ____ हैं।

(A) लोक नाटक
(B) लोक गीत ✓
(C) लोक नृत्य
(D) वाद्ययंत्र

Q.26

राजस्थान में कौन हाथ में भाला लेकर एक योद्धा के रूप में या साँप देवता के रूप में पूजे जाते हैं?

(A) रामदेव जी
(B) गोगा जी ✓
(C) पबु जी
(D) देवनारायण जी

Q.27

'जिसके समान दूसरा नहीं है, वह' इस विग्रह के लिए समस्तपद होगा-

(A) अपूर्व
(B) अद्वितीय ✓
(C) द्वैत
(D) द्वापर

Q.28

आठ वार नौ त्योहार लोकोक्ति का अर्थ है-

(A) त्यौहार ही त्यौहार होना।
(B) आठ बार त्यौहार होना।
(C) मौज मस्ती का जीवन। ✓
(D) उपर्युक्त कोई नहीं।

Q.29

सरकारी पत्र में अधोलेख के रूप में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(A) श्रीमान
(B) महोदय
(C) भवदीय ✓
(D) सेवा में

Q.30

किसी दुकानदार ने 6 वस्तुएं ₹ 5 में खरीद कर उन्हें ₹ 6 में 4 वस्तुओं के भाव से बेच दिया। अब बताइए, उसका लाभ प्रतिशत क्या रहा?

(A) 65%
(B) 72%
(C) 80% ✓
(D) 29%

Q.31

2000 कर्मचारी वाले कार्यालय में 52% स्नातक हैं। 60% कर्मचारी पुरुष हैं और 50% पुरुष कर्मचारी स्नातक हैं। कितनी महिला कर्मचारी स्नातक हैं?

(A) 410
(B) 430
(C) 440 ✓
(D) 460

Q.32

$\log_9 27 + \log_{27} 9$ का मान है:

(A) 5/6
(B) 13/6 ✓
(C) 1/2
(D) 9/5

Q.33

Choose the most appropriate option to fill in the blanks:
Do you know ___ in London? Yes, my friend Arun lives ___ near London. But in case he is out of town, I will have ___ to go.

(A) anyone, nowhere, nothing
(B) anybody, somewhere, nowhere ✓
(C) nobody, anywhere, something
(D) someone, somewhere

Q.34

Choose the **most appropriate** option to complete the sentence:

In an official letter the 'subject' is ___.

(A) as long as possible
(B) stretched and relevant
(C) brief, clear and relevant ✓
(D) vague and precise

Q.35

Choose the **most appropriate** word to complete the given sentence:

I was advised not to loiter ___ the streets after sunset.

(A) about ✓
(B) for
(C) with
(D) to

Q.36

अनेकार्थी शब्द 'पतंग' का निम्नलिखित में से एक अर्थ नहीं है-

(A) पक्षी
(B) सूर्य
(C) बादल ✓
(D) फतिंगा

Q.37

क्रिया या धातु के अंत में लगाए जाने वाले प्रत्यय कहलाते हैं-

(A) उनवाचक तद्धित प्रत्यय
(B) तद्धित प्रत्यय
(C) स्त्री प्रत्यय
(D) कृत प्रत्यय ✓

Q.38

'अपितु' शब्द में निहित उपसर्ग है-

(A) अ
(B) अपि ✓
(C) तु
(D) उ

Q.39

'पैंगोंग त्सो झील' हिमालय के निम्नलिखित में से किस उपखंड में पाई जाती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) हिमाचल और उत्तराखंड हिमालय
(B) दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय
(C) अरुणाचल हिमालय
(D) कश्मीर / लद्दाख या उत्तर पश्चिमी हिमालय ✓

Q.40

राज्य मानवाधिकार आयोग का कौन-सा कार्य नहीं है?
(निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के प्रयासों को हतोत्साहित करना। ✓
(B) जेलों का दौरा करना और कैदियों की जीवन स्थिति का अध्ययन करना।
(C) लोगों के बीच मानवाधिकार साक्षरता का प्रसार करना।
(D) मानवाधिकार के क्षेत्र में अनुसंधान करना और बढ़ावा देना।

Q.41

किस संवैधानिक संशोधन द्वारा ग्रामसभा को संवैधानिक दर्जा दिया गया है?

(A) 72वाँ
(B) 73वाँ ✓
(C) 74वाँ
(D) 75वाँ

Q.42

राज्य के राज्यपाल को कौन हटा सकता है? (निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें):

(A) मुख्यमंत्री
(B) राष्ट्रपति ✓
(C) प्रधानमंत्री
(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश

Q.43

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.44

दिए गए कथनों को सत्य मानें यद्यपि उनमें सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से असंगति पाई जाती हो, तब नीचे दिए गए कथनों से प्रदत्त तर्कपूर्ण निष्कर्षों का निर्णय लें:

कथन:
कोई भी पत्रिका समाचार-पत्र नहीं है।
कुछ समाचार-पत्र पुस्तकें हैं।
सभी पुस्तकें चम्मच हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ पत्रिकाएं पुस्तकें हैं।
II. कुछ समाचार - पत्र चम्मच हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। ✓
(C) दोनों निष्कर्ष I एवं II अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q.45

'जलद-जलज' शब्द युग्म का अर्थ है -

(A) बादल - कमल ✓
(B) कमल - बादल
(C) कमल - पंकज
(D) कमल - मोती

Q.46

भारतीय संविधान की प्रस्तावना किस वाक्यांश से शुरू होती है-

(A) प्रभु के नाम के साथ....
(B) भारत एक प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी....
(C) भारत के सभी नागरिकों की सुरक्षा
(D) "हम भारत के लोग".... ✓

Q.47

1983 में, सभी क्षेत्रों में केंद्र-राज्य संबंधों की जांच और समीक्षा करने और उचित परिवर्तनों की सिफारिश करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस आयोग/समिति की नियुक्ति की गई थी?

(A) हनुमंतैया आयोग
(B) सरकारिया आयोग ✓
(C) राजमन्नार समिति
(D) अशोक मेहता आयोग

Q.48

राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

(A) मुख्यमंत्री
(B) राष्ट्रपति
(C) संसद
(D) राज्यपाल ✓

Q.49

फड़ कलाकार "श्री लाल जोशी" किस जिले से संबंधित हैं?

(A) भीलवाड़ा ✓
(B) चूरू
(C) जयपुर
(D) सीकर

Q.50

राजस्थान के भीलों और गोविन्द गुरु के संदर्भ में असत्य कथन का चयन करें।

(A) गोविन्द गुरु ने राजस्थान के भीलों के सामाजिक और नैतिक उत्थान के लिए सम्पसभा की स्थापना की।
(B) उन्हें हिंदू धर्म में बनाए रखने के लिए भगत आंदोलन शुरू किया।
(C) अंग्रेजों को लगा की गोविन्द गुरु द्वारा चलाए गए इस सामाजिक सुधार आंदोलन का उद्देश्य भील राज्य का निर्माण है।
(D) उन्होंने सम्प सभा की मासिक बैठकें मानगढ़ पहाड़ी पर आयोजित कीं। ✓

Q.51

जैसलमेर का प्राचीन नाम था-

(A) वागड़
(B) मांड ✓
(C) हाड़ौती
(D) शेखावाटी

Q.52

उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वनों के बारे में असत्य कथन का चयन करें। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) यह वन केवल राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं। ✓
(B) उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन केवल राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में पाए जाते हैं।
(C) इन वनों में हरियाली स्थायी रूप से उपलब्ध रहती है।
(D) यह वन सिरोही में पाए जाते हैं, जो कि राजस्थान में स्थित है।

Q.53

निम्न में से राजस्थान का सबसे बड़ा भौगोलिक क्षेत्र (क्षेत्रफल के अनुसार) कौनसा है?

(A) अरावली क्षेत्र
(B) पश्चिमी मरूस्थलीय मैदानी क्षेत्र ✓
(C) पूर्वी मैदानी क्षेत्र
(D) अर्ध शुष्क क्षेत्र

Q.54

निम्न में से भारत के किस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश में सबसे अधिक संख्या में वन्यजीव अभयारण्य हैं-

(A) पश्चिम बंगाल
(B) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ✓
(C) लक्षद्वीप
(D) हिमाचल प्रदेश

Q.55

हिमालयन यू (टैक्सस वालिचियाना) क्या है-

(A) मिट्टी का एक प्रकार जो हिमालय क्षेत्र में पाया जाता है।
(B) हिमाचल प्रदेश का एक लोकगीत
(C) एक औषधीय वृक्ष ✓
(D) जनजाति का एक प्रकार

Q.56

एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय कौन बने?

(A) कार्तिक कुमार
(B) सीनू बुगाथा
(C) मान सिंह ✓
(D) गोपी टी

Q.57

कौन सा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक देश बनकर उभरा है?

(A) वियतनाम
(B) जर्मनी
(C) भारत ✓
(D) यूनाइटेड स्टेट्स

Q.58

पारिभाषिक शब्द 'Valid' का उपयुक्त हिंदी अर्थ है-

(A) विधिमान्य ✓
(B) सुयोग्य
(C) अवैध
(D) वृत्ति

Q.59

राजस्थान में मार्बल डम्पिंग यार्ड कहाँ है?

(A) किशनगढ़ ✓
(B) बूंदी
(C) कुम्भलगढ़
(D) बीकानेर

Q.60

राजस्थान में मुख्यमंत्री लघु वाणिज्यिक वाहन स्वरोजगार योजना को कब अधिसूचित किया गया है?

(A) 12 दिसंबर 2021
(B) 11 अक्टूबर 2022 ✓
(C) 15 नवंबर 2023
(D) 19 दिसंबर 2023

Q.61

जैसा कि राजस्थान के प्राचीन ग्रंथों में उल्लिखित है राजस्थान का वह किला जहाँ युद्ध की योजना और रणनीति बनाने में निपुण सैनिक रहते थे उसे कहा जाता था- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) सहाय दुर्ग
(B) सैन्य दुर्ग ✓
(C) पारीख दुर्ग
(D) पारीध दुर्ग

Q.62

किस सभ्यता में मृतकों को आभूषणों सहित दफनाने की प्रथा प्रचलित थी?

(A) कालीबंगा
(B) आहड़ ✓
(C) गणेश्वर
(D) बैराठ

Q.63

कर्पूर चंद कुलिश किस समाचार पत्र के संस्थापक थे?

(A) दैनिक जागरण
(B) पंजाब केसरी
(C) राजस्थान केसरी
(D) राजस्थान पत्रिका ✓

Q.64

निम्नलिखित में से कौनसा शब्द 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया है-

(A) समानता
(B) अखंडता ✓
(C) बंधुत्व
(D) स्वतंत्रता

Q.65

भारत में निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) तम्बाकू उत्पाद पर प्रतिबंध लगाना
(B) मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान न करना ✓
(C) रात 9 बजे के बाद लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगाना
(D) भाषण देना

Q.66

एम एस ऑफिस में प्रिंट के लिए निम्न में से कौन सा शार्टकट कमांड है?

(A) Alt + P
(B) Shift + P
(C) Ctrl + P ✓
(D) Alt + Ctrl + P

Q.67

:: के बायीं तरफ दो शब्द के मध्य कुछ संबंध है और यदि दायीं तरफ दोनों शब्दों के मध्य वहीं संबंध है, तब पता लगाइए कि प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन सा विकल्प आ सकता है?

GKLP : QUVZ :: AEFJ :?

(A) KOPT ✓
(B) KLPT
(C) MOPT
(D) MOTR

Q.68

फसलों के सबसे उपयुक्त रूप से मेल किए गए जोड़े को चुनिए।

(A) गेहूँ - रबी - सोनारा ✓
(B) चावल - रबी - बासमती
(C) मक्का - रबी - विजय
(D) चावल - खरीफ - शक्ति

Q.69

किसने रक्त को विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया?

(A) एडवर्ड जेनर
(B) कार्ल लैन्डस्टीनर ✓
(C) लुई पाश्चर
(D) रोबर्ट कोच

Q.70

निम्नलिखित में से मां के दूध में कौन सा एंटीबॉडी (प्रतिरक्षी) अधिकता में पाया जाता है?

(A) IgA ✓
(B) IgD
(C) IgG
(D) IgM

Q.71

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I (अपूर्णता रोग)	सूची -II (रोग के लक्षण)
a. पैलाग्रा	I. स्मृति में क्षय (कमी)
b. बेरी-बेरी	II. पेशियों और नसों की दुर्बलता
c. स्कर्वी	III. जीभ और त्वचा पर शुष्क शल्कों का दिखाई देना
d. राइबोफ्लेवीनोसिस	IV. मसूड़ों से रक्त स्राव

(A) a - III, b - II, c - IV, d - I ✓
(B) a - II, b - III, c - I, d - IV
(C) a - IV, b - I, c - II, d - III
(D) a - I, b - II, c - III, d - IV

Q.72

यदि दो वर्गों के विकर्णों की लम्बाई का अनुपात $4:7$ हो, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात है:

(A) 4:7
(B) 16:49 ✓
(C) 64:343
(D) 2:1

Q.73

निम्न में से कौनसा सबसे अधिक स्टोरेज क्षमता वाला है-

(A) कॉम्पैक्ट डिस्क
(B) फ्लॉपी डिस्क
(C) हार्ड डिस्क ✓
(D) ब्लू रे डिस्क

Q.74

एक्सेल में वर्तनी जाँच के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?

(A) F4
(B) F5
(C) F6
(D) F7 ✓

Q.75

निम्नलिखित में से कौन सा फंक्शन स्प्रेडशीट में वर्तमान सिस्टम दिनांक प्रदर्शित करता है?

(A) Today [ ]
(B) Today ( ) ✓
(C) Today { }
(D) Today @

Q.76

निम्नलिखित में से कौन सा कैरेक्टर फॉर्मेटिंग वर्ड प्रोसेसिंग टूल नहीं है?

(A) फॉन्ट कलर
(B) संरेखण ✓
(C) रेखांकन
(D) प्रभाव

Q.77

किस क्रांति के प्रसार से भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सक्षम हुआ-

(A) पीली क्रांति
(B) नीली क्रांति
(C) सफेद क्रांति
(D) हरित क्रांति ✓

Q.78

योजना आयोग की स्थापना किस की अध्यक्षता में की गई थी?

(A) प्रधानमंत्री ✓
(B) राष्ट्रपति
(C) उपराष्ट्रपति
(D) मुख्यमंत्री

Q.79

भारत में उत्पादित वस्तुओं को आयात से बचाने के लिए सरकार ने किस का प्रयोग किया?

(A) कोटा
(B) शुल्क
(C) कोटा और शुल्क दोनों ✓
(D) न तो कोटा न ही शुल्क

Q.80

Choose the most appropriate option to fill in the blank:
Aditi has been working here _____.

(A) since six months
(B) six months ago
(C) six months before
(D) for six months ✓

Q.81

Choose the most appropriate passive form of the word: 'declare' to fill in the blank-
The old houses in town _____unsafe by the authorities.

(A) declared
(B) are declaring
(C) have been declared ✓
(D) declare

Q.82

Choose the most appropriate option to fill in the blanks: ___ postman's little boy said that he'd rather be ___ dentist than ___ cardiologist, because ___ dentists don't get called out at ___ night.

(A) x, a, a, a, the
(B) The, a, a, x, x ✓
(C) A, the, the, a, x
(D) The, the, a, x, x

Q.83

Choose the word which is similar in meaning to RELINQUISH

(A) offensive
(B) persist
(C) abandon ✓
(D) residue

Q.84

इंटीग्रेटेड सर्किट (ICs) किस जनरेशन के कम्प्यूटर से संबंधित है?

(A) प्रथम जनरेशन
(B) द्वितीय जनरेशन
(C) तृतीय जनरेशन ✓
(D) चतुर्थ जनरेशन

Q.85

भारत जापान 5वाँ संस्करण संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्मा गार्जियन' भारत के किस राज्य में शुरू हुआ?

(A) आंध्र प्रदेश
(B) राजस्थान ✓
(C) तमिलनाडु
(D) हिमाचल प्रदेश

Q.86

निम्नलिखित में से कौन सी टीम संतोष ट्रॉफी (2023-24) की चैंपियन बनी?

(A) गोवा
(B) मणिपुर
(C) मिजोरम
(D) सर्विसेज ✓

Q.87

18वीं लोकसभा के आम चुनाव कुल कितने चरणों में सम्पन्न हुए?

(A) 6
(B) 5
(C) 7 ✓
(D) 8

Q.88

दुर्लभ तितली 'नेप्टिस फिलायरा' की खोज भारत के किस राज्य में की गई है?

(A) उत्तराखंड
(B) अरुणाचल प्रदेश ✓
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) जम्मू और कश्मीर

Q.89

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.90

बिन्दु A (13, 18), B (-5, 10), C (-13, -8) एवं D (5, 0) को उसी क्रम में लेने पर वे ___ के शीर्ष हैं।

(A) आयत
(B) समलंब चतुर्भुज
(C) वर्ग
(D) समचतुर्भुज ✓

Q.91

राष्ट्रीय उद्यान तथा राज्य के बेमेल जोड़े का चयन करें। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान-कर्नाटक
(B) सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान-तमिलनाडु ✓
(C) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान-राजस्थान
(D) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान-असम

Q.92

एक अच्छे बीज के वास्तविक मान के परिकलन के लिए उपयोग की जाने वाली विधि को चुनिए-

(A) $\frac{\text{शुद्धता प्रतिशत}}{\text{अंकुरण प्रतिशत}} \times 100$
(B) $\frac{\text{अंकुरण प्रतिशत} \times \text{शुद्धता प्रतिशत}}{100}$ ✓
(C) $\frac{\text{अंकुरण प्रतिशत}}{\text{शुद्धता प्रतिशत}} \times 100$
(D) $\frac{2(\text{अंकुरण प्रतिशत} + \text{शुद्धता प्रतिशत})}{100}$

Q.93

जीवमण्डल रिजर्व तथा संबंधित क्षेत्र के बेमेल जोड़े का चयन करें-

(A) थार रेगिस्तान-राजस्थान
(B) कान्हा-मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश ✓
(C) मानस - असम
(D) नीलगिरी - कर्नाटक, केरल

Q.94

Read the passage and answer the questions that follow by choosing the appropriate answer : (Q. 94 to 98)

Once we have settled on a perspective, we close off with one line of thought. Certain kinds of ideas occur to us, but only those kinds and no others. What if the crippled man who invented the motorized cart had defined his problem as, "How to occupy my time while lying in bed?" rather than "How to get out of bed and move around the house?"

Leonardo Da Vinci believed that to gain knowledge about the form of problems, you begin by approaching the problem on its own terms. He felt the first way he looked at a problem was too biased towards his usual way of seeing things. He would restructure his problem by looking at it from one perspective and move to another perspective and still another. With each move, his understanding would deepen and he would begin to understand the essence of the problem. Da Vinci discovered that genius often comes from finding a new perspective that no one else has taken.

Albert Einstein was once asked what the difference was between him and the average person. He said that if you asked the average person to find a needle in the haystack, the person would stop when he or she found a needle. He, on the other hand, would tear through the entire haystack looking for all the possible needles. With creative thinking, one generates as many alternative approaches as one can.

Most of us have been educated to think exclusively which means we think in deficit by focusing our attention on specific information and excluding all else. In these instances, exclusive thinking leads us to neglect potentially important pieces of the puzzle. Exclusive thinking doesn't merely inhibit irrelevant facts and perceptions. It can also smother the imagination.

Creative thinking is inclusive thinking. You consider the least obvious as well as the most likely approaches, and you look for different ways to look at the problem. It is the willingness to explore all approaches that is important, even after one has found a promising one.

Identify statements which are true with respect to the passage:

a. Our settled perspective towards a problem makes us focus on one line of thought only.
b. Leonardo Da Vinci always solved a problem in the first attempt.
c. Albert Einstein would look for as many alternatives as he could to solve a problem.
d. Exclusive thinking enhances creativity and imagination.

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a and b only

(B) b and c only

(C) a and c only ✓

(D) c and d only

Q.95

Which of the following statements are not true with respect to the passage?

a. With creative thinking, one generates as many alternative approaches as one can.
b. Exclusive thinking leads us to the important pieces of the puzzle.
c. Inclusive thinking makes one look for different ways to look at the problem.
d. Exclusive thinking makes us broaden our attention and look for potential alternatives.
e. Creativity and inclusive approach go hand in hand.

Choose the **most appropriate** answer from the options given below:

(A) a and e only
(B) b and d only
(C) c and e only
(D) d and a only

Q.96

The features that define creative thinking are:

a. Multi dimensional approach
b. Willingness to explore
c. Biased approach
d. Not easily satisfied

Choose the **most appropriate** answer from the options given below:

(A) a, b and c only
(B) b, c and d only
(C) a, b and d only
(D) a, c and d only

Q.97

According to the passage, the most important thing with respect to solving a problem is:

(A) Learn to look for facts
(B) To change our education system
(C) The willingness to explore all alternatives
(D) To be focused with one line of thought

Q.98

Choose the Antonym of the word SURPLUS from the options given:

(A) Smother
(B) Inhibit
(C) Biased
(D) Deficit ✓

Q.99

एक सक्रिय जैव अणु जिसका उपयोग अंग प्रत्यारोपण में प्रतिरक्षा निरोधक कारक के रूप में रोगियों में किया जाता है। इसका उत्पादन एक कवक से किया जाता है।

(A) स्टैटिन
(B) साइक्लोस्पोरिन - ए ✓
(C) लैक्टिक अम्ल
(D) स्ट्रेप्टोकाइनेज

Q.100

पादप और उसके आर्थिक महत्व वाले भाग के गलत मेल वाले जोड़े को चुनिये

(A) सेंटेला एशियाटिका - छाल ✓
(B) पैपेवर सोम्नीफेरम - फल
(C) एम्बेलिका ऑफिशिनेलिस - फल
(D) सिन्कोना ऑफिशिनेलिस - छाल

Q.101

राजस्थान की वह नदी जो अरब सागर में गिरती है -

(A) लूनी ✓
(B) बनास
(C) चम्बल
(D) कांतली

Q.102

भारत की कौनसी नदी एक विभ्रंश घाटी से होकर बहती है-

(A) गंगा
(B) नर्मदा ✓
(C) कावेरी
(D) कृष्णा

Q.103

'नमचा बरवा/नामचा बरुआ शिखर' हिमालय के किस क्षेत्र में अवस्थित है?

(A) अरुणाचल हिमालय ✓
(B) हिमाचल और उत्तराखंड हिमालय
(C) कश्मीर हिमालय
(D) दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय

Q.104

राजस्थान में थेवा कला निम्न में से किस क्षेत्र से संबंधित है?

(A) चूरू
(B) जयपुर
(C) प्रतापगढ़ ✓
(D) झालावाड़

Q.105

माही बजाज सागर परियोजना निम्नलिखित में से किन राज्यों के बीच एक संयुक्त परियोजना है?

(A) राजस्थान और हरियाणा
(B) राजस्थान और उत्तर प्रदेश
(C) राजस्थान और गुजरात ✓
(D) राजस्थान और पंजाब

Q.106

नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन - I : जलोढ़ मृदा राजस्थान के पश्चिमी मरूस्थलीय मैदान में पाई जाती है।
कथन - II : इस मिट्टी में नाइट्रोजन पर्याप्त मात्रा में होती है लेकिन पोटाश और लौह तत्व की कमी होती है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं। ✓
(C) कथन I सही है किन्तु कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है किन्तु कथन II सही है।

Q.107

एम एस पॉवर पॉइंट में "फ्लाई इन" (Fly in) क्या है?

(A) कलर स्कीम
(B) पेज डिजाइन
(C) एनिमेशन इफेक्ट ✓
(D) सिस्टम कमांड

Q.108

फ्लॉपी डिस्क के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य <u>नहीं</u> है?

(A) कुछ संस्करणों में केवल 1.44 MB ही संग्रहीत किया जा सकता है।
(B) डेटा को केवल तभी पढ़ा या लिखा जा सकता है जब राइट प्रोटेक्ट नॉच बंद या ढका हुआ हो। ✓
(C) फ्लॉपी डिस्क माइलर प्लास्टिक से बनी होती है।
(D) माइलर प्लास्टिक की सतह लौह ऑक्साइड (चुंबकीय पदार्थ) से लेपित होती है।

Q.109

विश्व भविष्य ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

(A) लन्दन
(B) पेरिस
(C) नई दिल्ली
(D) आबू धाबी ✓

Q.110

एक समतल दर्पण पर प्रकाश की एक किरण उसकी सतह के अभिलंब आपतित होती है। उसके आपतन कोण और परावर्तन कोण होंगे-

(A) क्रमशः 90°, 90°
(B) क्रमशः 90°, 0°
(C) क्रमशः 0°, 90°
(D) क्रमशः 0°, 0° ✓

Q.111

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.112

किसने 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर (राजस्थान) में पंचायती राज की आधुनिक त्रिस्तरीय प्रणाली का उद्घाटन किया था?

(A) महात्मा गांधी
(B) जवाहर लाल नेहरू ✓
(C) सरोजिनी नायडू
(D) लाल बहादुर शास्त्री

Q.113

भारत के संविधान में 'कल्याणकारी राज्य' का आदर्श किसमें प्रतिष्ठापित है?

(A) प्रस्तावना
(B) राज्य के नीति निदेशक तत्व ✓
(C) मूल अधिकार
(D) सातवीं अनुसूची

Q.114

एक घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल का संख्यात्मक मान उस घन के आयतन के बराबर है, तो घन का विकर्ण ज्ञात कीजिए।

(A) 6 इकाई
(B) $6\sqrt{3}$ इकाई ✓
(C) $\sqrt{3}$ इकाई
(D) $2\sqrt{3}$ इकाई

Q.115

चार खिलाड़ी A, B, C एवं D खेल के मैदान में इस तरह से खड़े हैं कि A के पूर्व में B, A के दक्षिण में C और A के उत्तर में D खड़ा है। B के किस दिशा में D खड़ा है?

(A) पश्चिम
(B) उत्तर
(C) उत्तर-पश्चिम ✓
(D) दक्षिण

Q.116

जब मिनट की सुई 1 घंटा 25 मिनट की दूरी तय करती है, तो उसके द्वारा तय की गयी कोणीय दूरी क्या होगी?

(A) 375°
(B) 510° ✓
(C) 480°
(D) 450°

Q.117

आनुवंशिक कूट (जेनेटिक कोड) के बारे में गलत कथन को चुनिए।

(A) कोडोन ट्रिपलेट (त्रिक) होता है।
(B) 61 कोडोन ऐमीनो अम्लों के लिए कूटलेखित करते हैं।
(C) UUU फेनिलएलानिन के लिए कूटलेखन करता है।
(D) AUG केवल आरंभकर्ता कोडोन के रूप में कार्य करता है। इसका अन्य कोई कार्य नहीं है। ✓

Q.118

निम्नलिखित में से कौन सा नाइट्रोजिनस बेस (क्षारक) डी एन ए का घटक नहीं है?

(A) यूरेसिल ✓
(B) साइटोसीन
(C) एडीनीन
(D) ग्वानीन

Q.119

मेन्डल द्वारा अध्ययन किए गए विपरीत विशेषकों और गुणों के <u>गलत</u> मेल वाले संयोजन को चुनिए।

(A) बीज का रंग : पीला/ हरा
(B) बीज का आकार : गोल/ झुर्रिदार
(C) पुष्प की स्थिति : अक्षीय /शीर्षस्थ
(D) फली का रंग : सफेद / पीला ✓

Q.120

Choose the most appropriate English translation of the given sentence: रुद्र ने किताब क्यों फाड़ी?

(A) Why the book was torn by Rudra?
(B) The book was torn by Rudra why?
(C) Why tear the book, Rudra?
(D) Why did Rudra tear the book? ✓

Q.121

Choose the most appropriate reported form of the sentence given: He said to us, “Don’t walk on ice; it isn’t safe.”

(A) He said not to walk on ice as its not safe.
(B) He warned us not to walk on ice as it wasn’t safe. ✓
(C) He ordered us not to walked on ice as it weren’t safe.
(D) He told us to avoid walking on ice as it isn’t safe.

Q.122

Choose the most appropriate option to fill in the blanks:
I __ her __ a long time, __ she was a child.

(A) know, since, for
(B) knew, x, since
(C) have known, for, since ✓
(D) was knowing, since, since

Q.123

Choose the word opposite in meaning to ERUDITE

(A) Boring
(B) Illiterate ✓
(C) Crude
(D) Learned

Q.124

Choose the word closest in meaning to the word: **homage**
People thronged to pay **homage** to the departed leader.

(A) obedience
(B) tribute ✓
(C) alienation
(D) humility

Q.125

मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना पूरे राजस्थान में कब से चालू हुई?

(A) मार्च 2021
(B) अप्रैल 2021
(C) मई 2021
(D) जून 2021 ✓

Q.126

भड़ला सोलर पार्क राजस्थान के किस स्थान में स्थित है?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर ✓
(C) उदयपुर
(D) बीकानेर

Q.127

अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और राज्य सरकार को मंजूरी लेने के लिए राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण संशोधन अधिनियम, 2023) ने एम एस एम ई को छूट की अवधि बढ़ा दी है-

(A) 3 से 4 वर्ष
(B) 2 से 4 वर्ष
(C) 4 से 5 वर्ष
(D) 3 से 5 वर्ष ✓

Q.128

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम (आरपीआरए) ____ से लागू हुआ।

(A) जनवरी 1994
(B) अप्रैल 1992
(C) जनवरी 1992
(D) अप्रैल 1994 ✓

Q.129

उत्पादन गतिविधियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता को कहा जाता है:-

(A) जी डी पी
(B) सब्सिडी ✓
(C) कोटा
(D) लाइसेंस

Q.130

वायु के आधिक्य की मौजूदगी में सल्फाइड अयस्कों को गर्म करने की क्रिया कहलाती है-

(A) निस्तापन (कैल्सीनेशन)
(B) भर्जन (रोस्टिंग) ✓
(C) अपचयन
(D) वैद्युत अपघटन

Q.131

एनोडीकरण है:

(A) धातु सतह को पेन्ट करना
(B) धातु सतह पर मोटी ऑक्साइड की परत निर्मित करना ✓
(C) धातु सतह पर जिंक की परत निक्षेपित करना
(D) धातु परत पर तेल लगाना

Q.132

तीन तत्वों A, B और C के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास क्रमशः A - 2, 8 ; B - 2, 8, 7 और C - 2, 8, 2 हैं।
निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

(A) A एक धातु है।
(B) B एक धातु है।
(C) C एक अधातु है।
(D) B एक अधातु है और C एक धातु है। ✓

Q.133

Match List-I with List-II

List-I	List-II
a. Munich is a large city __ the south of Germany.	I. at
b. Were there many people __ the concert on Friday?	II. during
c. We shouldn't speak __ eating.	III. in
d. We didn't speak __ the meal.	IV. while

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a - III, b - I, c - IV, d - II ✓
(B) a - II, b - IV, c - III, d - I
(C) a - I, b - II, c - III, d - IV
(D) a - IV, b - III, c - II, d - I

Q.134

Choose the most appropriate English word for the given word- अधिग्रहण.

(A) Deferred
(B) Seizure ✓
(C) Regulation
(D) Abatement

Q.135

Choose the most appropriate word to complete the following sentence:
An inscription on a tombstone is termed as ____.

(A) a cemetery
(B) a grave
(C) an epitaph ✓
(D) a sermon

Q.136

वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए 'जी डी बिरला पुरस्कार' जीतने वाली पहली महिला वैज्ञानिक कौन बनी?

(A) सिप्रा गुहा मुखर्जी
(B) डॉ. अदिति सेन दे ✓
(C) डॉ. रानी चटर्जी
(D) एम. फातिमा बीबी

Q.137

'शंघाई सहकारी संगठन (एस सी ओ) स्टार्टअप फोरम' का चौथा संस्करण 19 मार्च, 2024 को ____ में आयोजित किया गया था।

(A) शंघाई
(B) नई दिल्ली ✓
(C) मॉस्को
(D) बिश्केक

Q.138

सूची-I का मिलान सूची-II के साथ कीजिए

सूची-I (देश) सूची-II (पेरिस ओलंपिक 2024 में मेडल टैली की स्थिति)

a. चीन i. तीसरा
b. ब्रिटेन ii. चौथा
c. नीदरलैंड्स iii. दूसरा
d. यूएसए iv. पहला

निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(A) a-iv, b-iii, c-i, d-ii
(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv ✓

Q.139

P, R का पुत्र है, R एवं Q बहनें हैं; Z, Q की माता जी है और M, Z का पुत्र है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) M और P मौसेरे भाई हैं।
(B) M, P का मामा है। ✓
(C) R एवं M बहनें हैं।
(D) Q, P की दादी/नानी है।

Q.140

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.141

यदि यह दिया गया है कि दो समकोण त्रिभुजों PQR एवं ABC में $\angle P = 25^\circ$, $\angle C = 25^\circ$, $\angle Q = \angle B = 90^\circ$ एवं $PR = CA$ हो, तो निम्नलिखित में से कौनसा सत्य है?

(A) $\Delta PQR \cong \Delta BAC$

(B) $\Delta PQR \cong \Delta ACB$

(C) $\Delta PQR \cong \Delta CBA$ ✓

(D) $\Delta PQR \cong \Delta CAB$

Q.142

यदि $\text{cosec}\ \theta = \frac{x}{y}$, तब $\frac{\sqrt{3}\cot\theta+1}{\tan\theta+\sqrt{3}}$ के बराबर है:

(A) $\frac{\sqrt{x^2-y^2}}{y}$ ✓

(B) $\frac{\sqrt{x^2-y^2}}{x}$

(C) $\frac{\sqrt{x^2+y^2}}{y}$

(D) $\frac{\sqrt{x^2+y^2}}{x}$

Q.143

यदि $a = 0.1069$, तब $\sqrt{4a^2+1-4a}+3a$ का मान है:

(A) 1.1069 ✓

(B) 2.1069

(C) 0.4655

(D) 1.5345

Q.144

तनु जलीय NaCl विलयन का विद्युत-अपघटन 20 मिली एम्पियर धारा प्रवाहित करके किया गया। केथोड पर हाइड्रोजन गैस के 0.02 मोल को मुक्त करने के लिए लगने वाला आवश्यक समय है -

(A) 9.65×10^4 s

(B) 28.95×10^4 s

(C) 19.3×10^4 s ✓

(D) 38.6×10^4 s

Q.145

दी गई अभिक्रिया में निम्नलिखित में से कौन सा अवक्षेप है?

$Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

(A) $Na_2SO_4(aq)$

(B) $BaSO_4(s)$ ✓

(C) $BaCl_2(aq)$

(D) $NaCl(aq)$

Q.146

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

सूची-I (क्रिया/कारक)	सूची-II (प्रभाव)
a. ऑक्सीकरण	I. इलेक्ट्रॉन की प्राप्ति
b. अपचयन	II. इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने वाली स्पीशीज (जातियां)
c. अपचायक	III. इलेक्ट्रॉन खोने वाली स्पीशीज (जातियां)
d. ऑक्सीकारक	IV. इलेक्ट्रॉन की हानि

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) a - IV, b - I, c - III, d - II ✓

(B) a - III, b - II, c - IV, d - I

(C) a - II, b - IV, c - I, d - III

(D) a - I, b - IV, c - II, d - III

Q.147

'पके हुए अन्न की भिक्षा' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

(A) दुर्भिक्ष

(B) मधुकरी ✓

(C) दुर्धर्ष

(D) लोमश

Q.148

निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनीयुक्त शब्द है-

(A) विस्मरण ✓

(B) चर्तुथ

(C) व्युत्पत्ती

(D) पैत्रिक

Q.149

शब्द व उसके पर्यायवाची बेमेल जोड़े का चयन करें -

(A) आम्र - रसाल

(B) आनंद - वासव ✓

(C) रमा - लक्ष्मी

(D) वायुसखा - कृशानु

Q.150

निम्नलिखित में अशुद्ध लिखित वाक्य है -

(A) कृपया यहाँ बैठिए।

(B) जल्दी वापस लौटकर आना। ✓

(C) मैं प्रातः काल घूमने जाता हूँ।

(D) वह वहाँ से चल दिया।



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in